20 जून, 2019

महोदय/महोदया,

विषय: 10 जुलाई, 2019 को नागरकोइल, कन्याकुमारी जिला, तमिलनाडु में मसालों के लिए क्रेता - विक्रेता बैठक और ऑपन हाउस

--------------------------

स्पाइसेस बोर्ड (वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार), भारतीय मसालों के विकास और विश्वव्यापी प्रचार के लिए प्रमुख संगठन, मसाला उद्योग के विभिन्न स्तरों पर लिंकेज मजबूत करते हुए मसाला व्यापार को बढ़ावा देने और सुविधा प्रदान करने की गतिविधियों की अगुवाई कर रहा है। बोर्ड ने देश के प्रमुख मसाला उत्पादक क्षेत्रों में क्रेता-विक्रेता बैठक (बीएसएम) का आयोजन किया है, जिसका उद्देश्य मसाला उद्योग के खरीददारों और विक्रेताओं के लिए एक साझा मंच प्रदान करना, सीधे बातचीत करना और प्रभावी कारोबार लिंकेज स्थापित करना है।

तमिलनाडु, देश के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में मसालों के प्रचुर उत्पादन के साथ, भारत के मसाला क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है । यह राज्य, बड़ी मात्रा में मिर्च, हल्दी, इमली, धनिया, इलायची, कालीमिर्च, करी पत्ते आदि का उत्पादन करने के अलावा कन्याकुमारी जिले में लौंग के पर्याप्त उत्पादन के साथ , देश में लौंग का सबसे बड़ा उत्पादक है । ऐसा माना जाता है कि ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा लगभग 1800 ई. में भारत के कुट्रालम, तमिलनाडु में अपने मसाले बगीचे में लौंग की खेती प्रारंभ की गई थी। मिर्च और धनिया को तूतिकुडी, रामनाथपुरम, सिवगंगई, विरुधुनगर और तिरुनलवेली जिलों के अर्ध शुष्क इलाकों में उगाया जाता है। कोयम्बत्तूर के पश्चिमी घाट जिलों, डिंडिगल, तेनी, तिरुनलवेली और विरुधुनगर में इलायची, अदरक, लहसुन और कालीमिर्च उगाए जाते हैं। चेन्नई, काट्टुपळ्ळी और तूतिकोरिन बंदरगाहों के माध्यम से मसालों के कुल निर्यात की मात्रा में तमिलनाडु का योगदान 27% है।

राज्य में उत्पादित मसालों की क्षमता का प्रदर्शन करने, और देश भर के निर्यातकों और राज्य के विक्रेताओं / उत्पादकों के बीच संबंधों को सुविधाजनक बनाने की दृष्टि से, बोर्ड ने कन्याकुमारी जिले का मुख्यालय, नागरकोइल, में क्रेता-विक्रेता बैठक ( BSM ) आयोजित करने का प्रस्ताव किया है। बी एस एम 10 जुलाई 2019 को सुबह 10.00 बजे होटल सहाना कैसिल, कन्वेंशन हॉल, वडश्शेरी, नागरकोइल में आयोजित की जाएगी।

इस आयोजन में कन्याकुमारी, तिरुनलवेली, विरुधुनगर, तेनी और राज्य के अन्य जिलों के लगभग प्रगतिशील किसान, कृषक समाज, प्रसंस्करणकर्ता और व्यापारियों को प्रतिनिधित्व करते हुए 200 विक्रेता भाग लेंगे। बीएसएम के लिए फोकस मसाले लौंग, जायफल और कालीमिर्च रहेंगे।

बीएसएम के साथ साथ मसाले के निर्यातकों केलिए एक ऑपन हाउस निर्धारित है, ताकि निर्यात को बढ़ावा देने और मसालों के आयात को कम करने के लिए पहल की पहचान की जा सके और मसाला क्षेत्र द्वारा सामना किए जा रहे मुद्दों के समाधान के लिए कार्रवाई बिंदु प्राप्त किए जा सके।

मसाले के सभी निर्यातकों को बीएसएम और ऑपन हाउस के लिए सौहार्दपूर्वक आमंत्रित किया जाता है, जो क्षेत्र से मसालों के विक्रेताओं / आपूर्तिकर्ताओं के साथ प्रत्यक्ष बाजार संबंध स्थापित करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा, साथ ही मसाला क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को प्रतिबिंबित करेगा। तत्पर निर्यातक, 28 जून, 2019 को शाम के 4.00 बजे तक निम्नलिखित विवरण के साथ dm.sb-ker@gov.in और nithin.joe@nic.in में प्रति भेजते हुए sbbodimktg@gmail.com, ddsbbodi@gmail.com में मेइल द्वारा बी एस एम में भाग लेने की इच्छा सूचित कर सकता है:

संपर्क नंबर और इमेल आईडी के साथ फर्म का नाम और पूरा पता:

स्पाइसेस बोर्ड निर्यातक पंजीकरण संख्या(CRES):
उपस्थित होनेवाले प्रतिनिधि(यों) का नाम और पदनाम, संपर्क नंबर और ईमेल आईडी के साथ :
आवास की अपेक्षा: हाँ / नहीं

*बाहरी निर्यातकों के लिए, यदि अपेक्षित हो, तो आवास (एक सिंगल / डबल कमरा प्रति फर्म) प्रदान करने के लिए बोर्ड तैयार है।*

अधिक जानकारी के लिए कृपया श्री सुरेष कुमार आर, उप निदेशक, स्पाइसेस बोर्ड, प्रादेशिक कार्यालय, बोडिनायकन्नूर दूरभाष - 04546-281397 / 280317 मोब. : 94460 02444 से संपर्क करें।

निदेशक,
स्पाइसेस बोर्ड, कोच्ची

20th June, 2019

Sir/Madam,

Sub: Buyer Seller Meet and Open house for spices at Nagercoil, Kanyakumari District, Tamil Nadu on July 10, 2019

Spices Board (Ministry of Commerce & Industry, Govt. of India), the flagship organization for the development and worldwide promotion of Indian spices has been spearheading activities for promotion and facilitation of spice trade by strengthening linkages at various levels of spice industry. The Board has been organizing Buyer Seller Meets (BSM) in the major spice producing regions of the country, with a view to provide a common platform for the buyers and sellers of spice industry, to interact directly and establish effective business linkages.

Tamil Nadu, holds a significant position in the spice sector of India, with abundant production of spices across the South-Eastern region of the country. The state, with ample production of Clove in the Kanyakumari district, is the largest producer of Clove in the country, besides producing sizeable quantities Chillies, Turmeric, Tamarind, Coriander, Cardamom, Black Pepper, Curry leaves etc. Clove is reportedly introduced to India around 1800 AD by the East India Company in its spice garden in Courtallam, Tamil Nadu. Chilli and Coriander are grown in semi arid tracts of Thoothukudi, Ramanathapuram, Sivagangai, Virudhunagar and Thirunelveli districts. Cardamom, Ginger, Garlic and Pepper are grown in the western ghat districts of Coimbatore, Dindigul, Theni, Thirunelveli and Virudhunagar. Tamil Nadu contributes to 27% in volume of the total exports of spices through Chennai, Kattupalli and Tuticorin ports.

With the view to showcase the potential of the spices produced in the state, and to facilitate linkages between the exporters from across the country and sellers/growers of the state, the Board proposes to organize a Buyer Seller Meet (BSM) at Nagercoil, the headquarters of Kanyakumari district. The BSM will be conducted at Hotel Sahana Castle, Convention Hall, Vadassery, Nagarcoil at 10.00 AM on 10th July 2019.

Around 200 sellers representing progressive farmers, farmer's societies, processors and traders from Kanyakumari, Thirunelveli, Virudunagar, Theni and other districts of the state will be participating in the event. The focus spices for the BSM are Clove, Nutmeg and Black Pepper.

An open house with spices' exporters is scheduled on the sidelines of the BSM, to identify initiatives to boost export and reduce imports of spices and to derive action points to address the issues faced by the spice sector.

All exporters of spices are cordially invited for the BSM & Open house, which would provide a platform for building direct market linkages with the sellers/suppliers of spices from the region, as well as to reflect upon the pertinent issues grappling the spice sector. Interested exporters may inform willingness to participate in the BSM by mail to sbbodimktg@gmail.com, ddsbbodi@gmail.com, with copy to dm.sb-ker@gov.in, & nithin.joe@nic.in by 28th June 2019, 4.00 PM, along with the following details;

Name & Full address of the Firm with contact no & email id:
Spices Board Exporter Regn. No (CRES):
Name & designation of the representative(s) attending with contact no & email id:
Requirement of Accommodation: YES/NO

*For outstation exporters, the Board is open to providing accommodation (one single/double room per firm), if required.*

For details, kindly contact Shri. Suresh Kumar R, Deputy Director, Spices Board, Regional Office, Bodinayakanur LL- 04546-281397/280317 Mob: 94460 02444.

Director,
Spices Board, Kochi